नईदुनिया



रविवार को राजधानी में डॉक्टर द्वारा आंखों की देखभाल को लेकर रैली निकाली।

भोपाल उत्सव मेले का शुभारंभ, मेलों से बढ़ता है मेलमिलाप और व्यापार : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मेला संस्कृति अनजान लोगों के बीच मेलमिलाप बढ़ाने का माध्यम है। मेलों से व्यक्ति को सामाजिक जुड़ाव का एहसास होता है और व्यापार-व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलता है। वे रविवार को दशहरा मैदान, तात्या टोपे नगर में भोपाल उत्सव मेला-2026 के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेलों के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक परंपराओं को कायम रखने के साथ विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने मेले के व्यवस्थित आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने भगवान गणेश की वंदना, दीप प्रज्वलन और आकाश में गुब्बारे छोड़कर मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों का सम्मान भी किया गया।



कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक भगवानदास सबनानी, मेला समिति अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से मनमोहन अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया।

आईएसबीटी पर रोटरी क्लब ईस्ट ने लगाया पोलियो बूथ, 60 से अधिक बच्चों को पिलाई दवा



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पल्स पोलियो अभियान के तहत पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए चलाए जा रहे तीन दिवसीय अभियान में रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल ने अंतरराज्यीय बस स्टैंड (आईएसबीटी) पर बूथ लगाया।

क्लब सदस्यों ने बसों में सफर कर रहे बच्चों तक पहुंचकर 60 से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। अभियान में कस्तूरबा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्रा रितेश, शिवम, निधि एवं अमिता ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान रोटरी क्लब ईस्ट एवं रोट्रेक्ट क्लब के पदाधिकारी रोहित पांडे, ऋतुराज परमार, जीके छिब्बर और अजय भटनागर भी उपस्थित रहे।

संत नामदेव जयंती महोत्सव में शामिल हुए महापौर और विधायक

नप्र, भोपालः महापौर श्रीमती मालती राय और विधायक श्री भगवानदास सबनानी रविवार को जवाहर चौक स्थित नामदेव सामुदायिक भवन में आयोजित संत शिरोमणि नामदेव महाराज के जन्मोत्सव समारोह में शामिल हुए। महापौर ने समाजजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने संत नामदेव महाराज के जीवन पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन भी किया।

सही दिनचर्या और प्राकृतिक चिकित्सा से रोगों का प्रबंधन संभव : सिद्धभाऊ

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः आरोग्य केंद्र में आयोजित 10 दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। अनुभव समारोह में सिद्धभाऊजी ने साधकों से कहा कि दूसरों का भला सोचने और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करने से व्यक्ति को स्वयं भी लाभ मिलता है। एक व्यक्ति के बीमार होने से पूरा परिवार प्रभावित होता है, इसलिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाना आवश्यक है।

उन्होंने महिलाओं से प्राकृतिक चिकित्सा और बिना तेल-नमक के अपक्व आहार अपनाने का आह्वान किया, ताकि वे स्वयं के साथ पूरे परिवार को स्वस्थ रख सकें। साथ ही बेटियों को साढ़े पांच वर्षीय बीएनवाईएस प्राकृतिक चिकित्सा पाठ्यक्रम के लिए प्रेरित करने की बात कही।

यह 185वां शिविर 13 से 22 नवंबर 2026 तक आयोजित किया गया। शिविर के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. गुलाब राय टेवानी ने बताया कि रोग अक्सर दिनचर्या की त्रुटियों का परिणाम होते हैं। इस शिविर में



मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों के 66 साधकों ने भाग लिया।

शिविर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, अस्थमा, माइग्रेन, सोरायसिस और जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं के प्रबंधन के लिए योगाभ्यास, प्राकृतिक चिकित्सा, अपक्व आहार और व्याख्यान आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। समापन पर डॉ. लता टेवानी ने आभार व्यक्त किया।

कहानी मनोरंजन नहीं, पीड़ा और दर्द की अभिव्यक्ति है : हरि भटनागर



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः वरिष्ठ कथाकार हरि भटनागर ने कहा कि कहानी मनोरंजन नहीं, बल्कि पीड़ा और दर्द की अभिव्यक्ति है। कहानी के बीज हमारे आसपास ही बिखरे होते हैं, बस उन्हें पहचानने की दृष्टि होनी चाहिए।

वे शांति-गया साहित्य कला एवं खेल संवर्धन समिति द्वारा आयोजित नैली राजेश सिंह स्मृति सृजन संवाद श्रृंखला के अंतर्गत 'बात से बात' कार्यक्रम में बोल रहे थे।

कार्यक्रम में समिति के सचिव अरुण अर्णव खरे ने कथाकार हरि भटनागर और वरिष्ठ कथाकार शशांक का स्वागत किया। इसके बाद हरि भटनागर ने 'एक पन्नी बीनने वाले लड़के का बयान' और 'पुर्जा' कहानियों का वाचन किया। श्रोताओं ने कहानियों और उनके सृजन से जुड़े प्रश्न पूछे। वरिष्ठ कथाकार शशांक ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम मैथिल 'अमृत' ने किया। इस अवसर पर अनेक साहित्यकार और पाठक उपस्थित रहे।

राजधानी में सफाई अभियान तेज, सड़कों की हो रही धुलाई



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नगर निगम द्वारा शहर में उच्च स्तरीय सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, धूल-मिट्टी से मुक्ति और मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग का अमला सभी वार्डों के अंदरूनी और बाहरी क्षेत्रों में सफाई, पानी के छिड़काव, धुलाई और फॉगिंग की कार्रवाई कर रहा है।

अभियान के तहत सड़कों, फुटपाथों, डिवाइडरों, चौराहों और रोटरियों के किनारों से धूल-मिट्टी हटाई जा रही है। सफाई से पहले पानी का छिड़काव किया जा रहा है। सड़कों, फुटपाथों, महापुरुषों की प्रतिमाओं और म्यूरल्स की धुलाई भी कराई जा रही है।

निगम अमले ने भदभदा से नाथू बरखेड़ा मार्ग, महिला हॉकी प्रतियोगिता स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सफाई, धुलाई तथा पानी का छिड़काव कराया। वीआईपी रोड सहित अन्य स्थानों पर भी सफाई से पहले पानी का छिड़काव किया गया। आजाद मार्केट स्थित अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थल की विशेष सफाई और धुलाई कराई गई।

मास्टर प्लान 2047 में संशोधन की मांग, सिंधी पंचायत ने दिए सुझाव



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः पूज्य सिंधी पंचायत संतनगर ने भोपाल मास्टर प्लान 2047 के प्रारूप पर सुनवाई के दौरान सांसद आलोक शर्मा और अधिकारियों के समक्ष आपत्तियां दर्ज कराते हुए त्रुटियों में सुधार के सुझाव दिए।

पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने कोषाध्यक्ष राकेश शेवानी और सहसचिव किशोर साधवानी के साथ सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि वर्ष 1995 के बाद अब 2047 तक की लगभग 52 वर्षों की अवधि के लिए तैयार किए जा रहे मास्टर प्लान में बैरागढ़ क्षेत्र के विस्तार और विकास के लिए कोई ठोस प्रस्ताव नहीं है।

उन्होंने बताया कि सीहोर नाके के पास ग्राम बेहटा की भूमि पर पुरानी स्वीकृत आवासीय कॉलोनी है। नगर निगम ने इसका लेआउट स्वीकृत कर विकास कार्य भी कराए हैं और यहां सैकड़ों परिवार निवास कर रहे हैं। इसके बावजूद मास्टर प्लान के प्रारूप में पूरे क्षेत्र को भोजताल इन्फ्लुएंस जोन-2 में दर्शाया गया है। उन्होंने इसे गंभीर त्रुटि बताते हुए क्षेत्र को पूर्वानुसार आवासीय घोषित करने की मांग की।

चांदवानी ने इंदौर-भोपाल मुख्य मार्ग के उत्तर में आवासीय गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आरजी-3 तथा दक्षिण में बैरागढ़ कला और भैंसाखेड़ी में आरजी-5 निम्न आवासीय क्षेत्र घोषित करने का सुझाव दिया। उन्होंने बैरागढ़ जोन को मिश्रित भू-उपयोग क्षेत्र बनाने की मांग करते हुए कहा कि आवश्यक संशोधनों से संतनगर और बैरागढ़ का व्यवस्थित विकास संभव होगा।

घर-घर जाकर कचरा पृथक्कीकरण के लिए नागरिकों को जागरूक कर रहा निगम अमला



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नगर निगम द्वारा कचरा प्रबंधन नियम 2026 के तहत स्रोत पर ही कचरा पृथक्कीकरण सुनिश्चित करने के लिए शहरभर में जनसंवाद किया जा रहा है। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के आह्वान पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और पृथक्कीकृत कचरे की मात्रा में लगातार वृद्धि हो रही है।

निगम आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग का अमला घर-घर पहुंचकर नागरिकों को कचरा पृथक्कीकरण के महत्व की जानकारी दे रहा है। रविवार को शिवाजी नगर, तुलसी नगर, तुलसी टॉवर, इब्राहिमगंज, न्यू सुभाष नगर, कस्तूरबा नगर, अन्ना नगर, अयप्पा मंदिर, कारगिल कॉलोनी और वार्ड 51 सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता संवाद किया गया। इस दौरान नागरिकों को गीले और सूखे सहित विभिन्न प्रकार के कचरे को अलग-अलग रखने तथा कचरा वाहनों में भी पृथक-पृथक देने की समझाइश दी गई। निगम अमले ने स्रोत पर कचरा पृथक्कीकरण को बेहतर कचरा प्रबंधन और स्वच्छता का आधार बताया।

इसके साथ ही निगम कर्मचारी नागरिकों से संपर्क और उन्हें दी गई समझाइश का विवरण रजिस्टर में दर्ज कर रहे हैं। डोर-टू-डोर कचरा वाहनों की जांच भी की जा रही है। निगम के अनुसार इन प्रयासों से पृथक्कीकृत कचरे की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने वार्ड स्तरीय बैठकों में की घोषणा

बैतूल में 9.88 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

- 50 करोड़ से बनेगा क्रिकेट स्टेडियम
- राय साहब के बगीचे का होगा कायाकल्प और 28 दुकानों का निर्माण



राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को बैतूल विधानसभा क्षेत्र में आयोजित वार्ड स्तरीय क्लस्टर बैठकों में शामिल होकर 9 करोड़ 88 लाख रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि वार्डों की जरूरतों के अनुसार विकास की कार्ययोजना तैयार होगी और नागरिकों के सुझावों से प्राथमिकताएं तय की जाएंगी।

खंजनपुर स्थित सिल्वर लॉन में आयोजित बैठक में छह वार्डों के 31 विकास कार्यों का 5 करोड़ रुपये की लागत से भूमिपूजन किया गया। मोती वार्ड स्थित राय साहब के बगीचे में छह वार्डों के 14 कार्यों का 1 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत से भूमिपूजन हुआ। वहीं, टिकारी के मेघनाथ चौक क्षेत्र में 3 करोड़ 25 लाख रुपये के 27 विकास कार्यों की शुरुआत की गई।

खण्डेलवाल ने राय साहब के बगीचे का कायाकल्प करने और यहां 28 दुकानों के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने बताया कि बैतूल में 50 करोड़ रुपये की लागत से अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनाया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न खेलों के लिए राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं विकसित करने का लक्ष्य है। उन्होंने दादा धूनी धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 20 लाख रुपये की लागत से भक्त निवास बनाने की भी घोषणा की। शहर से बाहर 10 एकड़ भूमि पर ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थानांतरित किया जा रहा है। एचएमटी फैक्ट्री के पास करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से गीता भवन सभागार का निर्माण भी किया जा रहा है। बैठकों में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके सहित जनप्रतिनिधि, पार्षद और अधिकारी उपस्थित रहे।

नुक्कड़ वाली माता मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ और दीपावली मिलन समारोह आयोजित

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः नुक्कड़ वाली माता मंदिर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सकल हिंदू समाज की ओर से समाजसेवियों और संगठन के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से भगवान विष्णु और तुलसी माता के पूजन के साथ हुआ। श्री विभूषित दंडी स्वामीजी महाराज ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी, संतगण एवं समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पंडित रवि पटेरिया ने किया।

महापौर ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः महापौर श्रीमती मालती राय ने रविवार को जयप्रकाश चिकित्सालय में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को टॉफी सहित उपहार भी भेंट किए। महापौर ने अभिभावकों से बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से अभियान को सफल बनाकर भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखना है। इस अवसर पर जिला चिकित्सा अधिकारी मनीष शर्मा सहित चिकित्सक और नागरिक उपस्थित रहे।